Transport for NSW

# सड़क सुरक्षा




## बच्चों की और निगरानी वाली क्रॉसिंग

आपके बच्चे की सुरक्षा के लिए, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि यदि कोई पैदल-यात्री क्रॉसिंग उपलब्ध हो तो वे हमेशा उसका उपयोग करें। यह सड़क पार करने के लिए सबसे सुरक्षित स्थान है।

सभी चौराहों पर आपको फुटपाथ पर, सड़क के किनारे से कम से कम एक कदम पीछे रहकर इंतजार करना ज़रूरी है।

### निगरानी वाले क्रॉसिंग

यदि कोई स्कूल क्रॉसिंग सुपरवाइजर मौजूद हो तो तब तक प्रतीक्षा करें जब तक वह यातायात रोककर आपको सड़क पार करने के लिए न कहे।

यदि आप वाहन चला रहे हैं, तो आपको तब तक आगे नहीं जाना होगा जब तक स्कूल क्रॉसिंग सुपरवाइज़र द्वारा पकड़ा हुआ संकेत दिखाया जाना बंद न किया जाए, या जब तक क्रॉसिंग सुपरवाइज़र यह संकेत न दे कि आप क्रॉसिंग से आगे जा सकते हैं।

### बच्चों की क्रॉसिंग्स

बच्चों की क्रॉसिंग्स आमतौर पर पार्ट-टाइम क्रॉसिंग्स होती हैं जो स्कूल के समय से पहले और बाद में संचालित होती हैं। वे अन्य समय में भी संचालित हो सकती हैं जब बच्चे स्कूल की तरफ से आयोजित पैदल भ्रमण के लिए या इंटरवल्स के दौरान क्रॉसिंग का उपयोग करते हैं।




जब ‘Children Crossing’ का झंडा दिख रहा हो, तो आपको सफेद रेखा पर रुकना अनिवार्य है, यदि पैदल यात्री क्रॉसिंग का इंतजार कर रहे हों तो। ड्राइवरों को तब तक रुके रहना होगा जब तक कि सभी पैदल यात्री क्रॉसिंग से चले न जाएँ।

**सड़क पर सुरक्षित रूप से यात्रा करने की आदतें बच्चे आपसे सीखते हैं और जब वे अकेले यात्रा करने लायक बड़े हो जाएंगे तो वे इन्हें जारी रखेंगे।**

सड़क पर बच्चों को सुरक्षित रखने के बारे में अधिक जानकारी के लिए **safetytown.com.au** पर परिवार (families) सैक्शन देखें।

स्टॉक कोड 45095236 जून 2024 © ट्रांसपोर्ट फॉर NSW

एनएसडब्ल्यू की सड़कों पर बहुत सी जानें गईं हैं।
**हमारा लक्ष्य इसे शून्य बनाना है।**

TOWARDS ZERO